आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अक्टूबर 2025 सान्ध्य समाचार

अपने शासन के पच्चीसवें वर्ष में प्रवेश करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पिछले ग्यारह वर्षों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। महिला, युवा किसान सशक्त हुए हैं और पचीस करोड से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। एक रिपोर्ट–

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल और समाजिक सुरक्षा योजनाएं चल रही हैं। सरकार का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें शगर्व से कहो ये स्वदेशी हैश का आह्वान नजर आए। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2013 को याद किया जब वे 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में चुने गये थे। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों ने एनडीए को भारी बहुमत से जीत दिलाई और यह सुनिश्चित किया कि भाजपा पार्टी को पूर्ण बहुमत मिले। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्र साधना में रत प्रधानमंत्री के गौरवशाली चौबीस वर्ष गांव, गरीब, महिला, वृद्ध, किसान, नौजवान और वंचितों के जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति को समर्पित रहे हैं।

****

केन्द्र सरकार ने वर्ष दो हजार उन्तीस तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और पचास हजार करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में रक्षा निर्माण में अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश का रक्षा उत्पादन एक लाख पचास हजार करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

2021–22 डोमेस्टिक सोर्सेस से हमारा जो कैपिटल एक्विजिशन होता था। उस समय वो 74000 करोड़ के आसपास का था। लेकिन 2024–25 के अंत तक डोमेस्टिक सोर्सेस से किया जाने वाला कैपिटल एक्विजिशन बढ़कर एप्रोक्सीमेटली वन लाख 20 हजार करोड रुपए तक पहुंच गया है।

****

आज पूरे प्रदेश में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित 'महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग भगवान वाल्मीकि का अपमान करते हैं वह भगवान श्रीराम का भी अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर परिसर में सप्तऋषियों की प्रतिमा के पास भगवान वाल्मीकि के लिए भी एक मंदिर बना है।

देश का पहला इंटरनेशनल एयरपोर्ट कहीं बना है तो अयोध्या में बना है भगवान वाल्मीकि के नाम पर। राममंदिर परिसर में जिन सप्तऋषियों की प्रतिमा लग रही है और मंदिर बन चुका है, वहां भगवान वाल्मीकि का भी एक मंदिर बना है। ये सब बन चुके हैं। यह सभी कार्यक्रम आगे बढ़ रहे हैं। और हमे इस बारे में पूरे समाज को अवगत कराना चाहिए।

प्रदेश के लखनऊ, चित्रकूट, अयोध्या, इटावा और मथुरा सहित कई अन्य जिलों में भी आज ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक वाल्मीकि जयंती पर विविध आयोजन किए गए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल अयोध्या में बृहस्पति कुंड और निषादराज चौराहे के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। बृहस्पति कुंड पर दक्षिण भारत के महान संगीतज्ञों, जबकि टेढ़ी बाजार चौराहे पर निषादराज की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। हमारे अयोध्या प्रतिनिधि ने बताया कि टेढ़ी बाजार चौराहे का ही नाम बदल कर निषादराज चौराहा कर दिया गया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव बाइस सितंबर से शुरू हुआ। यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट–

नई कर संरचना के तहत 7500 रुपये से कम कीमत वाले होटलों के कमरों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने होटलों, रेस्टोरेंट्स, कैफे और कैटरिंग सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले रसोई के सामानों पर भी जीएसटी घटाया है। जीएसटी 2.0 के तहत इन वस्तुओं पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इस कदम से मेनू कीमतों में स्थिरता आएगी और छोटे तथा मध्यम स्तर के भोजनालयों की लाभप्रदत्ता में सुधार होगा। सकलेन अख्तर आकाशवाणी दिल्ली।

****

वाराणसी स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का सैंतालिसवां दीक्षांत समारोह कल कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में होगा। यह जानकारी वहां के कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी ने आज पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि पद्मश्री प्रोफेसर सरोज चूड़ामणि गोपाल कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में नौ अक्टूबर से मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अंचल में आज कुछ स्थानों पर, जबकि कल कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और बारिश की भी संभावना बनी हुई है।

****